# उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मना गणतंत्र दिवस

## मुख्य समारोह में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन







नवभारत न्यूज

**सीधी 27 जनवरी। प्रदेश के साथ-साथ सीधी जिले में भी 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह, गरिमा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ और उपस्थित जनसमूह देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।**

ध्वजारोहण के उपरांत कलेक्टर श्री सोमवंशी ने पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के साथ भव्य परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात समृद्धि एवं विकास के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में छोड़ा गया। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया गया। परेड टुकड़ियों द्वारा तीन बार हर्ष फायर कर राष्ट्र को सलामी दी गई। उप निरीक्षक तरूण कुमार बेडिया रक्षित केन्द्र सीधी के कमांड में आयोजित मार्च पास्ट अत्यंत आकर्षक रहा। परेड के उप कमांडर प्लाटून कमांडर मयंक तिवारी होमगार्ड लाइन सीधी रहे। 9वीं वाहिनी विसबल, जिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड, महिला प्लाटून, एनसीसी सीनियर एवं जूनियर टुकड़ियां तथा विभिन्न विद्यालयों की छात्र टुकड़ियों ने अनुशासित और सशक्त प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पल उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा।

जिले के विभिन्न विद्यालयों के 720 विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक पीटी ड्रिल ने सभी का मन मोह लिया। संदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय, गुरूकुल उच्च. माध्य. विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, सरस्वती उच्च. माध्य. विद्यालय मड़रिया एवं एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गांधी हाईस्कूल के बैण्ड दल की मनमोहक धुनों ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व बीरेंद्र सिंह बघेल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल अमेढीया तथा पंकज पाण्डेय प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी द्वारा निभाया गया।

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सम्मान

इस अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। सर्वोत्तम परेड सीनियर का प्रथम पुरस्कार महिला प्लाटून कमाण्डर जिला बल सीधी को, द्वितीय स्थान में प्लाटून कमाण्डर जिला बल सीधी को एवं तीसरे स्थान पर 9वीं वाहिनी विसबल ए कम्पनी कैम्प सीधी को पुरस्कार दिया गया। सर्वोत्तम परेड जूनियर का प्रथम पुरस्कार महारानी लक्ष्मीबाई हाईस्कूल सीधी को, द्वितीय स्थान में एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल हड़बड़ो एवं तीसरे स्थान पर शौर्य दल सीधी को पुरस्कार दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रथम पुरस्कार एकलव्य विद्यालय सीधी को, द्वितीय पुरस्कार गुरूकुल उ. मा. विद्यालय सीधी को तथा तृतीय पुरस्कार शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सीधी को दिया गया। झाकियों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण की श्रृंखला में पहला पुरस्कार शिक्षा विभाग को, दूसरा पुरस्कार कृषि कल्याण विभाग को एवं तीसरा पुरस्कार महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रदान किया गया। गांधी विद्यालय के बैण्ड दल को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

### विकास एवं जनकल्याण की झलक प्रस्तुत करती झांकियां

समारोह में कृषि, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, जिला पंचायत, पशुपालन, जनजातीय कार्य, स्कूल शिक्षा, जिला व्यापार एवं उद्योग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रभावशाली झलक देखने को मिली।

### समारोह में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

समारोह में विधायक श्रीमती रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, वन मंडलाधिकारी श्रीमती प्रीति अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी, सामाजिक संगठन, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।



# शाउमावि बरमबाबा में गणतंत्र दिवस पर विशेष भोज कार्यक्रम आयोजित

## कलेक्टर ने बच्चों से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 जनवरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमबाबा में विशेष भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराना तथा भोजन की गुणवत्ता के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है।**

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने बच्चों से अपने अनुभव साझा करने एवं यदि किसी विषय पर कोई जिज्ञासा, समस्या या सुझाव हो तो निसंकोच व्यक्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि सामूहिक रूप से बैठकर विशेष भोज में सहभागिता करने से आपसी सौहार्द, समानता एवं सामाजिक समरसता की भावना सुदृढ़ होती है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह सोलंकी, समाजसेवी इंद्रशरण सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अपाक्स संगठन का नव वर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 27 जनवरी। अपाक्स अधिकारी कर्मचारी संगठन जिला सीधी द्वारा गत दिवस होटल महेश पैलेस सीधी में का नव वर्ष मिलन एवं जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं कार्यरत व सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि में संगठन के प्रांतीय महासचिव राकेश कुमार जायसवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ.आर.एन.पटेल प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय रीवा, संभागीय अध्यक्ष मन्नालाल रावत, जिला पंचायत सदस्य के.डी.साकेत, जिला पंचायत सदस्य चंद्रवती साकेत, पूर्व डीईओ उदयभान पटेल आदि रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कमलेश्वर पटेल द्वारा अपाक्स वर्ग के पिछड़े पन को दूर करने एवं संगठित रहकर कार्य करने की बात कही गई। अध्यक्षता कर रहे कृष्ण सिंह यादव द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए साथ ही प्रदेश में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण सरकार द्वारा शीघ्र लागू करने की बात कही गई। विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार जायसवाल एवं मन्नालाल रावत ने भी संगठन को मजबूत करने व संगठित रह कर कार्य करने की बात कही। स्वागत भाषण अपाक्स के जिलाध्यक्ष श्रीराम सोनी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता गण सभी समाजों के जिला अध्यक्ष व कार्यरत एवं सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों को साल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन विख. सीधी अध्यक्ष हीरालाल साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य आर.पी.राठिया, पूर्व प्रधानाध्यापक के.डी.साकेत, अंबिका प्रसाद पनिका, प्रभारी प्राचार्य मड़वा, अपाक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, पंकज सिंह पटेल, रामसुशील यादव, महासचिव ओपी पांडेवा, वेदराज जायसवाल, कोषाध्यक्ष शिवमूरत साहू, संगठन सचिव जय भारत साहू सहित सैकड़ो की संख्या में अधिकारी कर्मचारी समाजसेवी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



नवभारत न्यूज

**सीधी 27 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की विशिष्ट उपस्थिति में ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी और सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत गाकर भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद का उद्घोष किया।**

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष केके तिवारी, लालचंद गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष अंजू केसरी, जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विश्वबंधुधर द्विवेदी, शिवदान साकेत, डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, मनीला सिंह चौहान, संदीप द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, मोतीलाल पटेल, रवि केशरी, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, पूनम सोनी, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, आनंद परियानी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक नजर में

# व्यापारियों ने दी आयुष को श्रद्धांजलि



**सीधी।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के बरगढ़ में कपड़ा व्यापारी की 13 वर्षीय मासूम आयुष केसरवानी को अपहरण कर 40 लाख की फिरौती मांगी गई और जब उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी तो उनके द्वारा उसे मासूम की निर्मम हत्या कर दी गई, जिसके विरोध में बीते सोमवार को युवा व्यापारी संघ सीधी द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई और सरकार से अपील की गई की उन सभी हत्यारों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं ना दोहराई जा सके। श्रद्धांजलि देने में मुख्य रूप से वरिष्ठ व्यापारी मोनू केसरवानी, सतीश गुप्ता, हरीश अवधिया, राजू गुप्ता, सुजीत नामदेव, राजेन्द्र सेन, कैश गुप्ता, धीरज सोनी, युवा व्यापारी संघ के महामंत्री अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष पंकज कुशवाहा, शिव शंकर गुप्ता, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, प्रकाश वर्मा, अनूप गुप्ता एवं कई अन्य युवा व्यापारी साथी शामिल हुए।

# ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सीधी स्टेडियम के पास स्थित सेवा केन्द्र में राजयोग से विश्व शांति और एकता विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। सीधी जिले स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केन्द्रों की मुख्य संचालिका रेखा दीदी ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर माउंट आबू से पधारी बीके मंजू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि जब हम आध्यात्मिक मूल्यों को धारण करेंगे, तभी हमारे जीवन में प्रेम, मूल्य और समरसता आएगी। इस अवसर पर सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारीज़ के आयोजन की सराहना की और कार्यक्रम में पधारे गणमान्य नगरवासियों के आध्यात्मिक योगदान के लिए साधुवाद व्यक्त किया और आध्यात्मिक जीवनशैली को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंदरशरण सिंह चौहान, साईं महाविद्यालय के निर्देशक आशीष मिश्रा, अम्बरीष तिवारी, अश्विनी सिंह परिहार, पंकज सिंह, डॉ.मंजू सिंह, मीना गुप्ता, पुष्पराज सिंह, अन्नू सिंह, सुधा सिंह, रमापति तिवारी, जवाहर लाल गुप्ता सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण की लीला में प्रवेश करने के लिए गुरु कवच आवश्यक : पं.बाला व्यंकटेश



नवभारत न्यूज

**सीधी 27 जनवरी। कथा के प्रसंग को आयाम देते हुए कथा प्रवक्ता वृंदावनोपासक पं.बाला व्यंकटेश महराज ने कहा कि बृज का तीर्थ है गिरिराज। जिसको कन्हैया अपनी लीला में प्रवेश कराना चाहते हैं उसको सात दिन पहले ही गोवर्द्धन का वास दे देते हैं।**

आगे व्यास जी ने बताया कि गिरिराज के कृपा की शीतलता गुरु रूपी कवच के माध्यम से ही संभव है। अतएव श्रीमद्भागवत का पुण्य लाभ पाने के लिए और श्रीकृष्ण की लीला में प्रवेश करने के लिए गुरु कवच आवश्यक है। कथा प्रसंग के पूर्व व्यास पीठ की पूजा अर्चना एवं कथा प्रवक्ता पं बाला व्यंकटेश महराज जी का माल्यार्पण से स्वागत वन्दन विनोद कुमार मिश्रा पार्षद, लालमणि सिंह अधिवक्ता, आनन्द सिंह शेरगांव, माधुरी संतोष सिंह, सुरेन्द्र सिंह बोरा, दिलीप मिश्र समाजसेवी सतना, डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस आदि ने किया। महराज जी गिरिराज की तलहटी और गिरिराज जी की महिमा को प्रतिष्ठित करते हुए बताये कि हनुमान जी और गिरिराज जी आज भी साक्षात भगवान स्वरूप हैं। आगे व्यास जी ने कहा कि कलयुग के उपसंहार में गंगा और गोवर्द्धन इस मृत्युलोक को छोड़ देंगे।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में होगा उग्र आंदोलन

नवभारत न्यूज

**सीधी 27 जनवरी। चंद्र कमल होटल सीधी में सवर्ण समाज के सभी प्रमुख संगठनों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में यूजीसी काले कानून के विरोध में 29 जनवरी को होने वाले आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।**

यह आंदोलन 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट चौराहा, वीथिका भवन पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज, रॉयल राजपूत संगठ, श्री राजपूत करणी सेना, आर्यावर्त ब्राह्मण समाज, प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी संगठनों ने एक स्वर में कहा कि यह आंदोलन सामान्य वर्ग के छात्रों के भविष्य और शिक्षा अधिकारों की रक्षा के लिए किया जा रहा है। यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण, संगठित और लोकतांत्रिक होगा।

# कुसमी ब्लॉक मे हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस का 77वां पर्व

## जनपद अध्यक्ष ने जनपद में, जिला पंचायत सदस्य ने सीएम राइज में किया ध्वजारोहण







नवभारत न्यूज

**कुसमी 27 जनवरी। जिले के कुसमी ब्लाक में गणतंत्र दिवस का 77वां पर्व पूरे उत्साह के साथ परम्परागत एवं गरिमापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इस दौरान विद्यालयों मे छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।**

जनपद पंचायत में- जनपद पंचायत कुसमी के प्रांगण में जनपद अध्यक्ष श्यामवती सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, उपाध्यक्ष भूपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शेषमणि पनिका, जनपद सदस्य वीणा सिंह, मोनी प्रजापति, सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा, एसडीओ बृजेन्द्र प्रसाद कोरी, उपयंत्री प्रदीप द्विवेदी, राकेश सिंह बघेल, आजीविका मिशन प्रबंधक सुरजीत सिंह, समाजसेवी प्राशू सिंह बघेल, लेखाधिकारी पंकज मिश्रा, जे.पी.झारिया, अखिलेश पाण्डेय, रामसुख यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**उत्कृष्ट कुसमी, भदौरा, दुआरी, भुइमाड़-** शासकीय उत्कृष्ट उमावि कुसमी में जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्राचार्य पी.के.पाण्डेय, अधीक्षक त्रिभुवन सिंह, सुरेन्द्र टांडिया, शिक्षक कमलेश तिवारी, राहुल सिंह सहित छात्र-छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा। इसी तरह शाउमावि भदौरा में प्राचार्य बृजेश पनिका द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान शिक्षक श्रवण कुमार मिश्रा, कमलेश पाण्डेय सहित समस्त स्टाफएवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। शासकीय हाईस्कूल दुआरी में प्राचार्य रामबाई टांडिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शिक्षक ए.बी.सिंह, शिवबहादुर सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। शाउमावि भुइमाड में प्राचार्य सुजीत सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंग्रेजी माध्यम मे कमलेश तिवारी ने ध्वजारोहण किया। अधीक्षक सुरेंद्र टांडिया, भुवन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

**वन परिक्षेत्र कुसमी, टमसार एवं वस्तुआ-** वन परिक्षेत्र मोहन कुसमी में रेंजर जितेंद्र परासर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान परिक्षेत्र सहायक सेमरा गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा, साधुलाल सिंह भदौरा, संजीव रविरंजन रावत, गणेश गुप्ता सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। टमसार में रेंजर हर्षित मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। केदारनाथ शर्मा, सोनी सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे। पोंडी मे कविता रावत द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

**एकलव्य विद्यालय टमसार में-** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय टमसार मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमुनी देवी जनपद सदस्य द्वारा धजारोहण किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मकरन्द सिंह उइके, विशिष्ट अतिथि सेनि. प्राचार्य भैयालाल सिंह, डॉ.आर.डी.साहू की उपस्थिति मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा एकल, सामूहिक गीत, एवं राष्ट्रभक्ति नृत्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी गयी। प्राचार्य रामपाल सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

शिक्षक धीरन्द्र सिंह ने संचालन किया। शिक्षक लखपती सिंह, सुप्रिया तिवारी, प्रेमलाल सिंह, आर.पी.चतुर्वेदी, रमाकांत गोस्वामी, बालकृष्ण मिश्र, मुकेश कुमार, पंकज तोमर, मनीष सिंह, मोहित सेठी, निखिल कुमार विश्वास, बरखा छावड़ा, समीक्षा खेड़िया, पुनीत गुप्ता, अंकित कुमार सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे। अतिथियों के हांथो छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया।

**सेवा सहकारी समिति कुसमी, पोंड़ी-** सेवा सहकारी समिति कुसमी में बैंक प्रबंधक मोतीलाल रजक ने ध्वजारोहण किया। प्रबंधक संतोष, त्रिपाठी आपरेटर सभाजीत सेन सहित अन्य उपस्थित रहे। पोंड़ी में समिति प्रबंधक बिपेन्द्र सिंह सिंटू ने ध्वजारोहण किया।

**ग्राम पंचायतों में-** ग्राम पंचायत भगवार, जूरी, दुआरी टमसार, रामपुर, धुपखड़, गांजर, करैल, भुइमाड़, भदौरा, शंकरपुर, कतरवार, पोंड़ी, वस्तुआ, लुरुघुटी, ददरी, गुडुआधार, ठाड़ीपाथर, टमसार, पिपराही, चिनगवाह, दुबरीकला सहित अन्य पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ग्राम सभा का आयोजन किया। सचिव, सहायक सचिव सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।